**B**

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा-2026
# जीव विज्ञान
# कक्षा-11

**समय : 3:15 घण्टा** **[ पूर्णांक : 70 ]**

**निर्देश—(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
**(ii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।**
**(iii) आवश्यकतानुसार अपने उत्तरों की पुष्टि नामांकित रेखाचित्रों द्वारा कीजिए।**

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए—**

**1. (क) एक प्रजाति के सदस्य—** **1**

(i) मुक्त रूप से अन्तः प्रजनन करते हैं
(ii) प्रजनन नहीं करते
(iii) एक साथ पाये जाते हैं
(iv) आकारिकी रूप से समान होते हैं

**(ख) किन पादपों में वाहिनियाँ पायी जाती हैं—** **1**

(i) ब्रायोफाइट्स में (iii) आवृतबीजियों में
(ii) टैरिडोफाइट्स में (iv) 'b' व 'c' दोनों में

**(ग) तंत्रिका कोशिकाएँ किस भ्रूणीय जनन स्तर से बनती हैं— 1**

(i) एक्टोडर्म (iii) एन्डोडर्म
(ii) मीसोडर्म (iv) इन सभी में

**(घ) एडीनीन है—** **1**

UPBoardHub

(i) प्यूरीन (iii) न्यूक्लियोसाइड

(ii) पिरिमिडीन (iv) न्यूक्लियोटाइड

2. (क) कोएन्जाइम का मुख्य कार्य क्या है ? 1

(ख) दृढ़ सन्धियों को अन्य किस नाम से जाना जाता है ? 1

(ग) छत्रक ग्रन्थियाँ कहाँ पायी जाती हैं ? 1

(घ) एल्यूरोन स्तर किन बीजों में पायी जाती है ? 1

(ङ) प्रोटिस्ट के तीन प्रमुख कौन–कौन से हैं ? 1

3. (क) जैव विविधता की परिभाषा लिखिए। 2

(ख) कवकों में किस प्रकार का पोषण पाया जाता है ? 2

(ग) नाल तन्त्र किस संघ के प्राणियों में पाया जाता है ? इसके किसी एक कार्य को लिखिए। 2

(घ) ऊतक को परिभाषित कीजिए। 2

(ङ) एक कोशिकीय जीव किसे कहते हैं ? 2

4. (क) प्रोकेरियोटिक कोशिका तथा यूकेरियोटिक कोशिका में अन्तर लिखिए। 3

(ख) कूटचक्रक और सायथियम पुष्पक्रम में अन्तर लिखिए। 3

(ग) किन लक्षणों के आधार पर वेल तथा एकिडना को स्तनी वर्ग में रखा गया है ? 3

(घ) संरचना तथा आनुवंशिक पदार्थ की प्रकृति के सन्दर्भ में वाइरस का संक्षिप्त विवरण दीजिए। वाइरस से होने वाले चार रोगों के नाम लिखिए। 3

5. (क) स्तनी और सरीसृप में मुख्य अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) लसीका की संरचना लिखिए। 3

(ग) जीन की संरचना तथा कार्य का वर्णन कीजिए। 3

(घ) एंजाइम के महत्व पर टिप्पणी लिखिए। 3

UPBoardHub

6. (क) रेखांकित चित्र की सहायता से केन्द्रक की संरचना का वर्णन कीजिए। 3

(ख) वसामय ऊतक तथा रुधिर ऊतक में अन्तर लिखिए। 3

(ग) स्तनी वर्ग के विभेदक लक्षण लिखिए। 3

(घ) नाल तन्त्र पर टिप्पणी लिखिए। 3

7. लाइकेन क्या है ? लाइकेन के प्रकार तथा आन्तरिक संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए। 5

**अथवा**

DNA अणु का वाटसन एवं क्रिक द्वारा प्रस्तुत त्रिविम प्रति रूप का नामांकित चित्र बनाइए। (वर्णन की आवश्यकता नहीं है)

8. निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए— 5

(क) राइबोसोम (ख) लाइसोसोम

**अथवा**

सामान्य पादप यूकेरियोटिक कोशिका का नामांकित चित्र बनाते हुए संक्षिप्त विवरण दीजिए। दो कोशा अंगकों के कार्य लिखिए।

9. तंत्रिका ऊतक की संरचना तथा कार्य का वर्णन कीजिए। 5

**अथवा**

मॉस (फ्यूनारिया) सम्पुट की आन्तरिक संरचना का वर्णन कीजिए। सम्पुट की जनन में क्या भूमिका है ?

UPBoardHub